# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक,राजस्थान,जयपुर

क्रमांकः—एफ 15 ( ) 2014—15 / गोप्र / प्रमुवसं / दिनांकः— जून, 2020

## कार्यालय आदेश

राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा नियम, 1963 के नियम 25 के उप नियम (1) के अनुसार वर्ष 2014—15 में वनपाल से क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति दिए जाने हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 16—17 जून 2014 को आयोजित हुई थी। जिसमें श्री हितपाल सिह पुत्र रघुवीर सिह, वनपाल के विरूद्ध ए.सी.बी. में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण अभिशंषा बन्द लिफाफे में रखे जाने का निर्णय लिया गया था।

उक्त प्रकरण में महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर के पत्रांक 618—19 दिनांक 7.3.2019 द्वारा अपराध संख्या 156 / 2004 विरूद्ध श्री हितपाल सिह वनपाल (कोर्ट केस संख्या 24 / 2016) को दोषमुक्त किए जाने एवं उक्त निर्णय के विरूद्ध अपील पेश नही किए जाने का निर्णय लिए जाने तथा मुख्य वन संरक्षक कोटा के पत्रांक 1921 दिनांक 19.3.2020 द्वारा इन्हे निलम्बन अवधि के समस्त लाभ दिए जाने के फलस्वरूप विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा बन्द लिफाफे में रखी गई सिफारिश को दिनांक 12.6.2020 को खोले जाने पर इन्हे क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने पर इन्हे क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के वेतनमान 9300—34800 पे बैण्ड—2 ग्रेड पे —3600 में पदोन्नति पश्चात नवीन पदस्थापन उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरण अनुसार किए जाने के आदेश प्रचलित किए जाते हैः—

| क्र. स. | नाम कर्मचारी श्री | पिता का नाम श्री | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नाम | नवीन पदस्थापन कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हितपाल सिह | रघुवीर सिह | उप वन संरक्षक बून्दी | रेंज नाहरगढ, कार्यालय उप वन सरंक्षक, बांरा |

श्री हितपाल सिह वनपाल द्वारा दिनांक 31.7.2020 तक क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के पद पर नवीन पदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति नहीं देने पर यह मान लिया जावेगा की ये पदोन्नति के इच्छुक नहीं है एवं इस अवसर को फोरगो (Forgo) मानते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

(जी.वी.रेड्डी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (होफ)
राज.जयपुर

क्रमांकः—एफ 15 ( ) 2014—15 / गोप्र / प्रमुवसं / 5327-5333 / दिनांकः— 24 ~~जून~~ जुलाई, 2020 24.7.2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य वन संरक्षक, कोटा।
2. उप वन संरक्षक, बांरा
3. उप वन संरक्षक, बून्दी को प्रेंषित कर लेख है कि श्री हितपाल सिह वनपाल को तत्काल भारमुक्त कर नवीन पदस्थापन कार्यालय में दिनांक 31.7.2020 तक उपस्थिति देने हेतु निर्देशत करें।
4. प्रतिलिपि कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभाग की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. श्री हितपाल सिह, वनपाल कार्यालय उप वन संरक्षक, बून्दी
6. क्षेत्रीय अनुभाग कार्यालय हाजा।
7. रक्षी पत्रावली।

(जे.एस.दहिया)
उप वन संरक्षक (प्रस्था. अरा.)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राज.जयपुर